# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 10.5.23 | 4 | 1-3 |

# शरीर को फिट रखने के लिए करना चाहिए व्यायाम

## हमारा स्वास्थ्य अमूल्य धन : कुलपति काम्बोज



हौटिया कार्यालय में बने जिम हाल का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

जागरण संवाददाता, हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के हौटिया कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिम हाल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की तरफ से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। संघ के महासचिव राजेश परूथी ने सभी का स्वागत किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि स्वास्थ्य हमारे लिए अमूल्य धन है। इसको बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए हमें दैनिक जीवन में शरीर को फिट रखने के लिए जिम जाकर व्यायाम करना चाहिए। जब हम स्वस्थ रहेंगे, तभी सही तरीकें से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि हमें शारीरिक के साथ-साथ अध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ होना जरूरी है। तभी हम खुद का विकास कर समाज का उत्थान कर सकेंगे।

कुलसचिव डा. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि एचएयू में कार्यरत हर अधिकारी व कर्मचारी भाईचारे की मिसाल है। चाहे वह शिक्षक वर्ग से जुड़ा या फिर गैर-शिक्षक वर्ग से, सभी विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण कड़ी है, जोकि एक संयुक्त परिवार की तरह कार्य करती है। गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान दिनेश कुमार राड़ ने लंबित मांगों का ज्ञापन भी कुलपति को सौंपा। प्रधान ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से जुड़े लंबित मांगों को जल्दी हल करने की मांग रखी। उन्होंने सप्ताह में पांच दिन कार्य-दिवस घोषित करने, कर्मचारियों की पदोन्नति व तबादले से संबंधित मांगे कुलपति के समक्ष रखीं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 10-5-23 | 4 | 6-7 |

## बेहतर प्रदर्शन के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी : प्रो. काम्बोज

हिसार, 9 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के होंटिया कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिम हॉल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की तरफ से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। संघ के महासचिव राजेश परूथी ने सभी का स्वागत किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि स्वास्थ्य हमारे लिए अमूल्य धन है। इसको बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए हमें दैनिक जीवन में शरीर को फिट रखने के लिए जिम जाकर व्यायाम करना चाहिए। क्योंकि जब हम स्वस्थ रहेंगे, तभी सही तरीके से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि हमें शारीरिक के साथ-साथ अध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ होना जरूरी है। तभी हम खुद का विकास कर समाज का उत्थान कर सकेंगे।

इस अवसर पर गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान दिनेश कुमार राड़ ने लंबित मांगों का ज्ञापन भी कुलपति को सौंपा।



*होंटिया कार्यालय में बने जिम हॉल का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।*

प्रधान ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से जुड़े लंबित मांगों को जल्दी हल करने की मांग रखी। उन्होंने सप्ताह में पांच दिन कार्य-दिवस घोषित करने, कर्मचारियों की पदोन्नति व तबादले से संबंधित मांगे कुलपति के समक्ष रखीं।

इस अवसर पर ओ.एस.डी. डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा, कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 10.5.23 | 9 | 2-3 |

# हकृवि कुलपति ने किया जिम हॉल का उद्घाटन




हिसार। जिम हॉल का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के हॉटिया कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिम हॉल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की तरफ से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। कुलपति ने गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम की सराहना की, साथ ही संघ की लंबित मांगों को जल्दी से जल्दी समाधान करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा, कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. मंजू मेहता, डॉ. पवन कुमार, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान दिनेश कुमार राड़, उप-प्रधान रमेश कांटीवाल, महासचिव राजेश परूथी आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 10.5.23 | 5 | 3-5 |

# विश्वविद्यालय स्टाफ के बेहतर प्रदर्शन के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ होना ज़रूरी : प्रो. काम्बोज



होंटिया कार्यालय में बने जिम हॉल का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

हिसार, 9 मई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के होंटिया कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिम हॉल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की तरफ से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। संघ के महासचिव राजेश परूथी ने सभी का स्वागत किया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि स्वास्थ्य हमारे लिए अमूल्य धन है। इसको बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए हमें दैनिक जीवन में शरीर को फिट रखने के लिए जिम जाकर व्यायाम करना चाहिए। क्योंकि जब हम स्वस्थ रहेंगे, तभी सही तरीकें से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि हमें शारीरिक के साथ-साथ अध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ होना जरूरी है। तभी हम खुद का विकास कर समाज का उत्थान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत हर अधिकारी और कर्मचारी एक संयुक्त परिवार की तरह है। समय-समय पर विश्वविद्यालय में कई बड़े समारोह एवं कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें हर कर्मचारी ने निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्य को पूरा कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि कभी भी सफलता एक आदमी से नहीं मिलती है। टीम-वर्क से ही अपने और संस्थान की उपलब्धियों में चार चांद लगा सकते हैं। कुलपति ने गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम की सराहना की, साथ ही संघ की लंबित मांगों को जल्दी से जल्दी समाधान करने का आश्वासन भी दिया। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि एचएयू में कार्यरत हर अधिकारी व कर्मचारी भाईचारे की मिसाल है। चाहे वह शिक्षक वर्ग से जुड़ा या फिर गैर-शिक्षक वर्ग से, सभी विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण कड़ी है, जोकि एक संयुक्त परिवार की तरह कार्य करती है। उन्होंने बताया कि हर सदस्य को विश्वविद्यालय के उत्थान में अपना भरसक प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर गैर शिक्षंक कर्मचारी संघ के प्रधान दिनेश कुमार राड़ ने लंबित मांगों का ज्ञापन भी कुलपति को सौंपा। प्रधान ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से जुड़े लंबित मांगों को जल्दी हल करने की मांग रखी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक ट्रिब्यून | 10-5-23 | 4 | 1-2 |

# विवि के होंटिया कार्यालय में जिम हॉल का उद्घाटन

हिसार, 9 मई (निस)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के होंटिया कार्यालय में जिम हॉल का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने कहा कि स्वास्थ्य हमारे लिए अमूल्य धन है। इसको बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कुलसचिव डॉ बलवान सिंह मंडल ने बताया कि हकृवि में कार्यरत हर अधिकारी व कर्मचारी भाईचारे की मिसाल है। चाहे वह शिक्षक वर्ग से जुड़ा या फिर गैर शिक्षक वर्ग से, सभी विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जोकि एक संयुक्त परिवार की तरह कार्य करती है। गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान दिनेश कुमार राड़ ने लंबित मांगों का ज्ञापन भी कुलपति को सौंपा। प्रधान ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से जुड़ी लंबित मांगों को जल्दी हल करने की मांग रखी।

उन्होंने सप्ताह में पांच दिन कार्य दिवस घोषित करने, कर्मचारियों की पदोन्नति व तबादले से संबंधित मांगें रखी। इस अवसर पर ओएसडी डॉ अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ जीतराम शर्मा, कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ बलदेव डोगरा व अन्य मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 10.5.23 | 3 | 8 |

## बेहतरीन प्रदर्शन के लिए स्वस्थ होना जरूरी : वीसी

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के हौंटिया कार्यालय में विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की तरफ से आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिम हॉल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उपस्थित रहे। संघ के महासचिव राजेश परूथी ने सभी का स्वागत किया।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि स्वास्थ्य हमारे लिए अमूल्य धन है। जब हम स्वस्थ रहेंगे, तभी सही तरीकें से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि बेहतरीन प्रदर्शन के लिए स्वस्थ रहना जरुरी है। हमें शरीर पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 10-5-23 | 4 | 1-2 |

## स्वास्थ्य हमारे लिए अमूल्य धन : प्रो. कांबोज




हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के हॉटिया कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिम हॉल का उद्घाटन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि स्वास्थ्य हमारे लिए अमूल्य धन है। इसको बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए हमें दैनिक जीवन में शरीर को फिट रखने के लिए जिम जाकर व्यायाम करना चाहिए। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान दिनेश कुमार राड़ ने लंबित मांगें पूरी करने के लिए ज्ञापन सौंपा। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज न्यूज | 10.05.2023 | | |


# विश्वविद्यालय स्टाफ के बेहतर प्रदर्शन के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी : प्रो. बी.आर. काम्बोज

- हॉटिया कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया जिम हॉल का उद्घाटन



हॉटिया कार्यालय में बने जिम हॉल का उद्घाटन के दौरान उपस्थिति को संबोधित करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

प्रवीन कुमार

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के हॉटिया कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिम हॉल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की तरफ से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। संघ के महासचिव राजेश परूथी ने सभी का स्वागत किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि स्वास्थ्य हमारे लिए अमूल्य धन है। इसको बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए हमें दैनिक जीवन में शरीर को फिट रखने के लिए जिम जाकर व्यायाम करना चाहिए। क्योंकि जब हम स्वस्थ रहेंगे, तभी सही तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि हमें शारीरिक के साथ-साथ अध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ होना जरूरी है। तभी हम खुद का विकास कर समाज का उत्थान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत हर अधिकारी और कर्मचारी एक संयुक्त परिवार की तरह है। समय-समय पर विश्वविद्यालय में कई बड़े समारोह एवं कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें हर कर्मचारी ने निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्य को पूरा कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि कभी भी सफलता एक आदमी से नहीं मिलती है। टीम-वर्क से ही अपने और संस्थान की उपलब्धियों में चार चांद लगा सकते हैं।

कुलपति ने गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम की सराहना की, साथ ही संघ की लंबित मांगों को जल्दी से जल्दी समाधान करने का आश्वासन भी दिया।

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि एचएयू में कार्यरत हर अधिकारी व कर्मचारी भाईचारे की मिसाल है। चाहे वह शिक्षक वर्ग से जुड़ा या फिर गैर-शिक्षक वर्ग से, सभी विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण कड़ी है, जोकि एक संयुक्त परिवार की तरह कार्य करती है। उन्होंने बताया कि हर सदस्य को विश्वविद्यालय के उत्थान में अपना भरसक प्रयास करना चाहिए।

इस अवसर पर गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान दिनेश कुमार राड़ ने लंबित मांगों का ज्ञापन भी कुलपति को सौंपा। प्रधान ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से जुड़े लंबित मांगों को जल्दी हल करने की मांग रखी।

उन्होंने सप्ताह में पांच दिन कार्य-दिवस घोषित करने, कर्मचारियों की पदोन्नति व तबादले से संबंधित मांगे कुलपति के समक्ष रखीं। उन्होंने गैर शिक्षक कर्मचारी संघ की तरफ से भरोसा दिलाया कि हकृवि का हर कर्मचारी विश्वविद्यालय के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगा।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा, कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार, बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सुधीर शर्मा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की निदेशक डॉ. मंजू मेहता, भू-दृश्य सरंचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार, वित्त नियंत्रक नवीन जैन सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

इसके अलावा गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के उप-प्रधान रमेश कांटीवाल, सह-सचिव मुनीष कुमार शर्मा, कार्यालय सचिव कृष्ण काजला, संगठन सचिव जितेंद्र ढाका, प्रेस सचिव रामकीर्तन यादव, खजांची धीरज यादव एवं कानूनी सलाहकार सुनील कुमार सहित अन्य गैर-शिक्षकगण भी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 09.05.2023 | | |


# हॉटिया कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति ने किया जिम हॉल का उद्घाटन

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के हॉटिया कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिम हॉल का उद्घाटन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उपस्थित रहे। कुलपति ने बताया कि स्वास्थ्य हमारे लिए अमूल्य धन है। इसको बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए हमें दैनिक जीवन में शरीर को फिट रखने के लिए जिम जाकर व्यायाम करना चाहिए। क्योंकि जब हम स्वस्थ रहेंगे, तभी सही तरीकें से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि हमें शारीरिक के साथ-साथ अध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ होना जरूरी है। तभी हम खुद का विकास कर समाज का उत्थान कर सकेंगे। कुलपति ने गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम की सराहना की, साथ ही संघ की लंबित मांगों को जल्दी से जल्दी समाधान करने का आश्वासन भी दिया।




कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि एचएयू में कार्यरत हर अधिकारी व कर्मचारी भाईचारे की मिसाल है। चाहे वह शिक्षक वर्ग से जुड़ा या फिर गैर-शिक्षक वर्ग से, सभी विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण कड़ी है, जोकि एक संयुक्त परिवार की तरह कार्य करती है। इस अवसर पर गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान दिनेश कुमार राड़ ने लंबित मांगों का ज्ञापन भी कुलपति को सौंपा। प्रधान ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से जुड़े लंबित मांगों को जल्दी हल करने की मांग रखी। उन्होंने सप्ताह में पांच दिन कार्य-दिवस घोषित करने, कर्मचारियों की पदोन्नति व तबादले से संबंधित मांगे कुलपति के समक्ष रखीं। उन्होंने गैर शिक्षक कर्मचारी संघ की तरफ से भरोसा दिलाया कि हकृवि का हर कर्मचारी विश्वविद्यालय के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगा।